जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2020/851 **दिनांक : 09.09.2020**

//अधिसूचना//

म0प्र0 शासन उच्च शिक्षा विभाग(मंत्रालय) के आदेश क्रमांक एफ 770/2020/38-3 दिनांक13.08.2020 एवं क्रमांक 811/969/2020/38/शा.-3 दिनांक 26.08.2020 के तहत सत्र 2019-20 की स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षाओं के संदर्भ में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये हैं।

उपरोक्त आदेशों के परिपालन में समस्त शासकीय/अशाासकीय महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाओं में संचालित **बी0टी0एम द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्टम सेमेस्टर परीक्षा जून-2020 (नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी छात्रों हेतु)** के समस्त विषयों के असाइनमेंट (आंतरिक मूल्यांकन) प्राप्त कर उनका मूल्यांकन कराकर प्राप्तांकों को विश्वविद्यालय के एम0पी0ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करने हेतु

तथा

बी0टी0एम षष्टम सेमेस्टर परीक्षा जून-2020 (नियमित/भूतपूर्व/ए0टी0के0टी) के ऐसे परीक्षार्थी जिन्होने अपने परीक्षा आवेदन पत्र में मौखिक परीक्षा ((viva-voce) लिया है। उस विषय की मौखिक परीक्षा हेतु असाइनमेंट (आंतरिक मूल्यांकन) प्राप्त कर उनका मूल्यांकन कराकर प्राप्तांकों को विश्वविद्यालय के एम0पी0ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करने हेतु निम्न लिखित समय सारणी घोषित की जाती है।

क्रमांक	कार्य विवरण	दिनांक
1.	परीक्षार्थी के परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने वाले केंद्र (महाविद्यालय/विश्वविद्यालय अध्ययनशाला) के समस्त प्राचार्य/विभागाध्यक्ष (वह महाविद्यालय/अध्ययनशाला जहां पर परीक्षार्थीयों ने परीक्षा फार्म जमा किया है) संबंधित विषय के शिक्षकों को निर्देशित कर असाइनमेंट के लिये समस्त विषय/प्रश्न-पत्रों का चयन कर प्रश्न पत्रों को अपने अपने महाविद्यालय/अध्ययनशाला के पोर्टल पर अपलोड करावें एवं साथ ही परीक्षार्थियों को स्मार्टफोन/दूरभाष/ई-मेल एवं अन्य माध्यमों से सूचित किये जाने की अंतिम तिथि।	**11.09.2020**
2.	परीक्षार्थियों द्वारा असाइनमेंट (आंतरिक मूल्यांकन) लिखकर उसी महाविद्यालय/अध्ययनशाला (अग्रेषण केंद्र, जहां पर परीक्षार्थियों ने परीक्षा फार्म जमा किया हो) या किसी भी ओपन बुक परीक्षा हेतु निर्धारित उत्तर पुस्तिका संग्रहण केंद्र में जमा करने की अंतिम तिथि।	**14.09.2020**
3.	अग्रेषण केंद्र के प्राचार्य/विभागाध्यक्ष अ0शा0 द्वारा मूल्यांकन पश्चात प्रदान किये गये असाइनमेंट (आंतरिक मूल्यांकन) के प्राप्तांको को विश्वविद्यालय के एम0पी0ऑनलाइन पोर्टल पर अपडेट करने की अंतिम तिथि	**18.09.2020**

नोटः-

1. समस्त परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि, वह अपने जिले के अग्रणी महाविद्यालय के पते पर उपरोक्त निर्धारित तिथि के पूर्व स्वंय एवं डाक द्वारा अपने असाइनमेंट (आंतरिक मूल्यांकन) जमा कर सकते हैं।
2. असाइनमेंट(आंतरिक मूल्यांकन) जमा करने की अंतिम तिथि उपरांत असाइनमेंट(आंतरिक मूल्यांकन) स्वीकार नहीं होगा।

3. विश्वविद्यालय द्वारा सभी परीक्षार्थीयों हेतु आंतरिक मूल्यांकन के अंको को ऑनलाइन अपडेट करने के लिये आपके महाविद्यालय/अध्ययनशाला के एम0पी0 ऑनलाइन के जी2जी लॉगिन पर सूचियां अपलोड कर दी गई हैं। समस्त प्राचार्य/विभागाध्यक्ष अग्रेषण केंद्र आवश्यक रूप से यह सुनिश्चित करें कि, समस्त परीक्षार्थियों के असाइनमेंट (आंतरिक मूल्यांकन के अंक) निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से विश्वविद्यालय के एम0पी0 ऑनलाइन पोर्टल पर अपलोड हों यदि किसी परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन के अंक ऑनलाइन अपडेट नहीं होते है तो समस्त उत्तदायित्व अग्रेषण केंद्र महाविद्यालय/अध्ययनशाला के प्राचार्य/विभागाध्यक्ष का स्वंय का होगा।

आदेशानुसार

कुलसचिव

प्रतिलिपि :-

1. श्रीमान अतिरिक्त संचालक,ग्वालियर चंबल संभाग, मोतीमहल परिसर,ग्वालियर के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
2. समस्त प्राचार्य, अग्रेषण केंद्र महाविद्यालय को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/निदेशक/समन्वयक, अध्ययनशाला,जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. उप/सहा0 कुलसचिव(परीक्षा/गोपनीय),जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
5. कुलपति महोदया के सचिव,जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
6. कुलसचिव के निजि सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
7. विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड हेतु।
8. श्री संजय बरथरिया, एम0पी0ऑनलाइन प्रभारी, की ओर आवश्यक रूप से पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ।

उप/सहा0 कुलसचिव (गोपनीय)